राजकीय ई–मेल

# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (12) 2022–23 / गोप्र / प्रमुवसं–07671 / 8591-8701/सी दिनांक : 09.10.2023

निमित,

समस्त वनाधिकारीगण।

विषय :– क्षेत्रीय वन अधिकारी–प्रथम / द्वितीय के कार्यभार के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के आदेश कमांक एफ 2 (13) 2022 / कार्मिक / प्रमुवसं 1781–1820 दिनांक 22.09.2023 द्वारा क्षेत्रीय वन अधिकारी–द्वितीय से क्षेत्रीय वन अधिकारी–प्रथम के पद पर पदोन्नत लोक सेवकों एवं एफ 15 (12) 2022–23 / गोप्र / प्रमुवसं–07671 / 8210 / सी दिनांक 28.09.2023 द्वारा वनपाल से क्षेत्रीय वन अधिकारी–द्वितीय के पद पर पदोन्नत लोक सेवकों के पदस्थापन आदेश प्रसारित किए गए है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय वन अधिकारी–प्रथम / द्वितीय के पद पर पदस्थापित लोक सेवकों द्वारा विधिक प्रकृति के कार्य जैसे वन अपराध (अतिक्रमण, शिकार आदि), न्यायालय प्रकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण / अतिसंवेदनशील विभागीय कार्यो का सम्पादन किया जाता है।

अतः समस्त वनाधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि क्षेत्रीय वन अधिकारी–प्रथम / द्वितीय का कार्यभार अधीनस्थ संवर्ग के अन्य लोक सेवक से संपादित नहीं कराया जावे। क्षेत्रीय वन अधिकारी–प्रथम / द्वितीय का कार्यभार अत्यन्त आवश्यक / अरिपहार्य परिस्थितयों के मध्यनजर अधीनस्थ संवर्ग के अन्य लोक सेवक को दिया जाना आवश्यक हो तो उप वन संरक्षक द्वारा संबंधित मुख्य वन संरक्षक से लिखित में अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही अधीनस्थ संवर्ग के अन्य लोक सेवक को कार्यभार दिया जावे। संबंधित मुख्य वन संरक्षक इस संबंध में आदेश प्रसारित कर इस कार्यालय को अवगत करावे। क्षेत्रीय वन अधिकारी–प्रथम / द्वितीय का कार्यभार वनपाल से निम्नतर पद कार्यरत लोकसेवक को किसी भी परिस्थिति में नहीं दिया जावें।

उपरोक्त आदेशों की दिनांक 09.10.2023 तक पालना किया जाना सुनिश्चित करें। संबंधित कार्यालयाध्यक्ष / नियंत्रण अधिकारी के विरुद्ध उपरोक्त आदेशों की अवहेलना की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

भवदीय,

(मुनीश कुमार गर्ग)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (12) 2022–23 / गोप्र / प्रमुवसं–07671 / 8702/सी दिनांक : 09.10.2023

प्रतिलिपि उप वन संरक्षक, सूचना एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशन करने हेतु।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
राजस्थान, जयपुर

Signature valid

Digitally signed by Munish Kumar Garg
Designation : Principal Chief
Conservator Of Forest
Date: 2023.10.07 1?:55:49 IST
Reason: Approved

V:\DigiGOV\Rajasthan\FileSystemDMSStore\DigiGOV\Intranet\PDF\4856350_706729114700856852.docx

RajKaj Ref No. : 4856350